# कार्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति जिला– सुकमा (छ.ग.)

Ph. & Fax No. 07864-284401, Email ID- deo.sukma2012@gmail.com, rmsa.sukma@gmail.com

क्रमांक/205 /जि.शि.अ./उत्कृष्ठ विद्यालय/सं.भ./2023 सुकमा, दिनांक 27/04/2023

---:: प्रतिनियुक्ति/संविदा विज्ञापन ::---

अवर सचिव, छत्तसीगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 23-08/2020/20-दो/67, 68 एवं 69 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 24.06.2022 एवं समय-समय पर जारी पत्र के अनुपालन में जिलें में संचालित (1) **सेजेस दोरनापाल** (2) **सेजेस कुकानार** (3) **सेजेस तोंगपाल** (4) **सेजेस कोण्टा** (5) **सेजेस छिन्दगढ़** के लिए विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति द्वारा सत्र 2023-24 में प्रारंभ कक्षाओं के लिए नवीन भर्ती प्रकिया एवं पूर्व के शेष रिक्त पदों हेतु नीचे तालिका में दिये गये शैक्षिक/गैर शैक्षिक पदों के निम्नानुसार दर्शित पदों व उनके सम्मुख दर्शित विवरण अनुसार प्रतिनियुक्ति/संविदा (निश्चित मासिक वेतन) पर अपनी सेवाएं देने के **इच्छुक अभ्यार्थियों से दिनांक 15/05/2023** तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **अभ्यर्थी अपना आवेदन स्पीड पोस्ट्/रजिस्टर्ड** डाक से या स्वयं उपस्थित होकर अंतिम तिथि तक कार्यालयीन समय शाम 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित समस-सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | पदनाम | विज्ञापित संस्था का नाम व विषय एवं पद संख्या | | | | | आरक्षण | संविदा नियुक्ति के स्थिति में मानदेय | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सेजेस दोरनापाल | सेजेस कुकानार | सेजेस तोंगपाल | सेजेस कोण्टा | सेजेस छिन्दगढ़ | | | |
| 1 | व्याख्याता अंग्रेजी माध्यम | हिन्दी–01 | हिन्दी–01 | हिन्दी–01 | — | — | अनारक्षित | 38100/– | विद्यालयीन शिक्षा (10+02) **(हिन्दी एवं संस्कृत विषय को छोड़कर)** अंग्रेजी माध्यम तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम में स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित। |
| | | अंग्रेजी–01 | अंग्रेजी–01 | अंग्रेजी–01 | — | — | अनारक्षित | 38100/– | |
| | | संस्कृत–01 | संस्कृत–01 | संस्कृत–01 | — | — | अनारक्षित | 38100/– | |
| | | गणित–01 | गणित–01 | गणित–01 | — | — | अनारक्षित | 38100/– | |
| | | सा.विज्ञान–01 | सा.विज्ञान –01 | सा.विज्ञान –01 | सा.विज्ञान –01 | — | अनारक्षित | 38100/– | |
| | | जीव विज्ञान –01 | जीव विज्ञान –01 | जीव विज्ञान –01 | — | — | अनारक्षित | 38100/– | |
| | | रसायन–01 | रसायन–01 | रसायन– 01 | — | — | अनारक्षित | 38100/– | |
| | | भौतिकी–01 | भौतिकी–01 | भौतिकी–01 | — | — | अनारक्षित | 38100/– | |
| | | — | — | — | वाणिज्य 01 | — | अ.ज.जा. | 38100/– | |
| 2 | शिक्षक अंग्रेजी माध्यम | अंग्रेजी –01 | अंग्रेजी –01 | अंग्रेजी –01 | — | — | अनारक्षित | 35400/– | विद्यालयीन शिक्षा (10+02) अंग्रेजी माध्यम तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ अंग्रेजी माध्यम में स्नातक की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित। |
| | | कला समूह –01 | कला समूह –01 | कला समूह –01 | — | — | अनारक्षित | 35400/– | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | प्रधान पाठक प्रा.शा. | – | – | – | पद – 01 | – | अनारक्षित | 35400/– | विद्यालयीन शिक्षा (10+02) अंग्रेजी माध्यम तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंको के साथ अंग्रेजी माध्यम में स्नातक की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित। प्रा.शा. स्तर पर प्र.पाठक के रूप में 3 वर्ष का कार्य अनुभव (मान्यता प्राप्त संस्था से) |
| 4 | सहायक शिक्षक | – | – | हिन्दी – 01 | – | – | अनारक्षित | 25300/– | मान्यता प्राप्त (10+02) (हिन्दी विशिष्ट को छोड़कर) बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में 12वीं उत्तीर्ण तथा डी. एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षित |
| | | – | – | – | गणित – 01 | – | अनारक्षित | 25300/– | |
| | | कला समूह –01 | कला समूह –01 | कला समूह –01 | – | – | अनारक्षित | 25300/– | |
| 5 | ग्रंथपाल | – | – | पद – 01 | – | – | अनारक्षित | 22400/– | विद्यालयीन शिक्षा (10+02) अंग्रेजी माध्यम तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंको के साथ बी.लिब. उत्तीर्ण एवं पुस्तकालय सहायक के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| 6 | सहायक ग्रेड 02 | – | – | – | पद – 01 | – | अनारक्षित | 25300/– | मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र के साथ डाटा एन्ट्री का हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाइपिंग का 5000Key डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (कौशल परीक्षा ली जायेगी) एवं सहायक ग्रेड 03 में 5 वर्ष का कार्य अनुभव |
| 7 | सहायक ग्रेड 03 | – | – | – | – | पद – 01 | अनारक्षित | 19500/– | मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र के साथ डाटा एन्ट्री का हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाइपिंग का 5000 Key डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (कौशल परीक्षा ली जायेगी) एवं सहायक ग्रेड 03 में 5 वर्ष का कार्य अनुभव |

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

**चयन प्रकिया एवं नियम/शर्तें :-**

1. प्रथम प्राथमिकता प्रतिनियुक्ति के आवेदकों को पद की योग्यता अनुसार दी जावेगी। पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति के आवेदकों से आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में संविदा भर्ती पर विचार किया जावेगा।

2. उपरोक्त विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विलोपित की जा सकती है। इसके लिए प्रबंधन एवं संचालन समिति स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
3. व्याख्याता सा.विज्ञान हेतु विद्यालयीन शिक्षा (10+2) अंग्रेजी माध्यम तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इतिहास/राजनीति/भूगोल/अर्थशास्त्र विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षित होना चाहिए।
4. आवेदकों द्वारा अपनी सम्पूर्ण शिक्षा अंगेजी माध्यम से प्राप्त बोर्ड, विद्यालय/महाविद्यालय से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।
5. शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नियुक्ति में प्राथमिकता दिवा जावेगा।
6. अभ्यर्थी को आवेदन करते समय विज्ञापन में उल्लेखित विद्यालय **स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. दोरनापाल, कुकानार, तोंगपाल, कोण्टा एवं छिन्दगढ़** का चयन प्राथमिकता क्रम में करना होगा।
7. सुकमा जिला के स्थानीय निवासी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शैक्षिक पदो पर अतिरिक्त 05 अंक प्रदान किया जावेगा।
8. चयन प्रक्रिया में पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक पर 70 प्रतिशत अंक, सुकमा जिले के स्थानीय निवासी का 5 अंक, **अनुभव पर 10 अंक (प्रत्येक एक वर्ष हेतु 02 अंक तथा अधिकतम 10 अंक)** एवं साक्षात्कार पर 15 अंक **weightage** के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जायेगा।
9. अंतिम मेरिट सूची से अंकों के आधार पर वरीयता क्रम में अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा। चयनित अभ्यर्थी के पद ग्रहण न करने पर मेरिट सूची के अभ्यर्थियों से वरीयता क्रम में रिक्त पदों की पूर्ति की जावेगी **जिसकी वैधता मेरिट सूची जारी होने की तिथि से शैक्षणिक सत्र की समाप्ति तक होगी।**
10. शैक्षिक/गैर शैक्षिक पदों हेतु (व्याख्याता,/शिक्षक/प्रधान पाठक प्रा.शा/सहायक शिक्षक/ग्रंथपाल) जिलाः स्तरीय साक्षात्कार समिति द्वारा साक्षात्कार लिया जावेगा जिसमें **न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक** प्राप्त करने वाले आवेदकों में से मेरिट क्रम में चयन किया जावेगा। साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना आवेदकों को **यथासंभव दूरभाष के माध्यम से दी जायेगी।** अतः सभी आवेदक अपना मोबाईल नम्बर (वाट्सअप नम्बर) अपने आवेदन में अनिवार्य रूप से दर्शायें। साथ ही साक्षात्कार की सूचना जिला शिक्षा अधिकारी के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी एवं एन.आई.सी. के वेब-पोर्टल **www.sukma.gov.in** पर भी देखा जा सकेगा।
11. दावा-आपत्ति उपरान्त मेरिट अनुक्रम के आधार पर एक पद के विरूद्व 10 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा तथा **साक्षात्कार में निर्धारित समय में उपस्थित होकर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।** निर्धारित समय के पश्चात पंजीयन हेतु अनुमति नहीं दी जायेगी।
12. अनुभव के 10 अंक के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि पद एवं विषय के अनुरूप अनुभव होने पर ही अनुभव का अंक दिया जावेगा अर्थात् जिस पद एवं विषय के लिए आवेदन किया जा रहा है अनुभव भी उसी पद एवं विषय का होना आवश्यक है। प्रत्येक पूर्ण शिक्षा सत्र के लिए अनुभव के 02 अंक दिया जावेगा तथा यह अधिकतम 10 अंक तक दिया जावेगा। अपूर्ण सत्र के लिए कोई अनुभव मान्य नहीं किया जावेगा।
13. **अनुभव प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त संस्था का होना अनिवार्य है। अनुभव प्रमाण पत्र में शाला का यूडाईस कोड, मान्यता क्रमांक (निजी विद्यालय की स्थिति में) एवं जावक क्रमांक तथा अध्यापन की अवधि दिनांक का उल्लेख होने पर ही मान्य किया जायेगा।**
14. गैर शैक्षणिक पदों के अंतर्गत लिपिकीय पद पर केवल सुकमा जिला के स्थानीय निवासी पात्र होंगे। **इन्हे पृथक से सुकमा जिला के स्थानीय निवासी के अतिरिक्त 05 अंक देय नहीं होगा।** सहायक ग्रेड 02 एवं सहायक ग्रेड 03 पद के लिए कक्षा 12वीं के प्राप्तांक के 80% लिया जायेगा तथा 20 अंक का टाइपिंग की कौशल परीक्षा (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में) लिया जायेगा। कम्प्यूटर टाइपिंग की कौशल परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले आवेदकों में से मेरिट क्रम में चयन किया जावेगा।
15. लिपिकीय वर्ग हेतु अनुभव केवल लिपिकीय पद का मान्य किया जावेगा। डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं अन्य किसी भी पद का अनुभव मान्य नहीं होगा।
16. ग्रंथपाल के चयन बी.लिब. का 80% तथा 15 अंक साक्षात्कार एवं जिला के स्थानीय निवासी का 05 अंक दिया जावेगा। अनुभव के अंक देय नहीं होगा।
17. चयन संबंधी उपरोक्त समस्त प्रक्रिया में संचालन प्रबंधन समिति स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होंगे।

18. आवेदन पत्र बंद लिफाफा में भेजें, जिसके ऊपर आवेदित पद का नाम एवं विषय का नाम स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो। अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।
19. एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन करें।
20. समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
21. **आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।**
22. आवदेक की उम्र 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। राज्य शासन द्वारा विभिन्न वर्गो को आयु सीमा में दिया जाने वाला अतिरिक्त छूट के प्रावधान लागू होंगे। उम्र की पुष्टि हेतु 10वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
23. प्रधान पाठ्क प्रा.शा./मा.शा. तथा सहायक ग्रेड-02 का पद पदोन्नति श्रेणी का होने के कारण इन पदों के लिए उम्र बंधन नहीं होगा।
24. शैक्षिक/गैर शैक्षिक पदों में यदि अंतिम मेरिट सूची में किन्ही दो अभ्यर्थी का अंक समान पाया जाता है तो उक्त पदों पर नियुक्ति उम्र के आधार किया जावेगा।
25. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
26. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
27. यह संविदा नियुक्ति 30 अप्रैल 2024 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता, एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी सत्र के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
28. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का संविदा सेवा की अवधि के लिए किसी भी प्रकार की पेंशन, उपदान एवं मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
29. शासन द्वारा संविदा नियुक्ति नियम में कोई परिवर्तन किया जाता है तो वह संविदा में नियुक्त कर्मचारी के लिए बंधनकारी होगा।
30. चयनित संविदा कर्मचारी के कार्य व्यवहार संतोषजनक न होने की स्थिति में अथवा उस पद की आवश्यकता न होने पर उम्मीदवार की सेवाएं समिति द्वारा किसी भी समय समाप्त की जा सकेंगी।
31. नियुक्त शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मूल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिए अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
32. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों की सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
33. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
34. अभ्यर्थी के विरूद्ध किसी प्रकार के अपराधिक मामले में संलिप्तता नहीं होनी चाहिए। संलिप्तता पाये जाने पर नियुक्ति निरस्त किया जावेगा तथा कानूनी कार्यवाही की जावेगी।
35. यह संविदा भर्ती सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ.9-1/2012/1-3 दिनांक-31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा भर्ती के संबंध में जारी समस्त शर्तो के अधीन होगी।
36. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
37. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचारण) नियम 1965 से शासित होंगे।
38. **उक्त विज्ञापन को संशोधित करने एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अध्यक्ष, स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. संचालन एवं प्रबंधन समिति के पास सुरक्षित होगा।**
39. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त शिक्षक/कर्मचारियों को राज्य शासन द्वारा जारी प्रतिनियुक्ति की सेवा शर्ते के अधीन वेतन एवं देय अन्य लाभ पूर्व की तरह देया होगा।
40. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप तथा नियम-शर्ते सुकमा जिले के वेबसाईट www.sukma.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं। अंतिम चयन सूची जिले के वेब-साईट पर अपलोड की जावेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी
सह पदेन सदस्य सचिव
स्वा.आ.उ.अमा.वि.संचालन प्रबंधन समिति
जिला - सुकमा छ.ग.

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति
# जिला सुकमा छ.ग.

संविदा/प्रतिनियुक्ति शैक्षिक/गैर शैक्षिक पद हेतु आवेदन पत्र वर्ष 2023-24

आवेदित पद का नाम :- ............................................ विषय ..................................माध्यम..............................

आवेदित संस्था का नाम प्राथमिकता कम में

1....................................................................... 2.....................................................................

3....................................................................... 4.....................................................................

5.......................................................................

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें।

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी सह सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
जिला - सुकमा छ.ग.

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :- ..........................................................................................
   अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में :-..........................................................................................
2. पिता/पति का नाम(हिन्दी में) :- ..........................................................................................
   अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में :-..........................................................................................
3. जन्मतिथि अंकों में :- ..........................................................................................
   शब्दों में :-..........................................................................................
4. लिंग - पुरूष /महिला/अन्य :-..........................................................................................
5. विवाहित/अविवाहित :-..........................................................................................
6. आयु दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में :-..........................वर्ष .........................माह..............................दिन
7. छत्तीसगढ़ के मूल निवास का विवरण :- जिला ......................... तहसील...................ग्राम.........................
   (सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. अनु.ज.जाति./अनु.जा./अ.पि.वर्ग./ सामान्य जाति/वर्ग................................
   (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. की स्थिति में समक्ष अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण-पत्र संलग्न करें)
9. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक तथा नवीनीकरण की तिथि:- ................................................
10. शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है -

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | अध्ययन का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 5वीं | | | | | | | |
| 2. | 8वीं | | | | | | | |
| 3. | 10वीं | | | | | | | |
| 4. | 12वीं | | | | | | | |
| 5. | स्नातक | | | | | | | |
| 6. | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 7. | डी.एड./डी.एल.एड. | | | | | | | |
| 8. | बी.एड. | | | | | | | |
| 9. | बी.पी.एड. | | | | | | | |
| 10. | बी.लीब./डी.लीब. | | | | | | | |
| 11 | अन्य योग्यताएं | | | | | | | |

11. छत्तीसगढ़ राज्य शासन में अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम, निगम मंडल में शैक्षणिक कार्य का अनुभव का विवरण :-

| क्र. | नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्था/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी/स्थायी/ संविदा/प्रतिनियुक्ति/अन्य | मासिक वेतन रु. में | कार्य ग्रहण अवधि सहित | कुल अनुभव (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

12. नियोक्ता के संबंध में जानकारी :-

| नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्थान/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया गया है या कर रहे, का पूर्ण पता | दूरभाष क्रमांक/मोबाईल | ई-मेल | अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | | | | |

टीप :- आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जांच कराई जायेगी, जांच में किसी भी प्रकार से गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पत्र हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यावाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

आवेदक का हस्ताक्षर

13. पत्र व्यवहार का पता - ..................................................

- ..................................................

मोबाईल/वॉटसअप नंबर ..................................................

जिला का नाम .................................. पिन कोड ..............................

14. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची -

1. शैक्षणिक योग्याता अंतर्गत 5वीं/8वीं/10वीं/स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा के अंक सूची की छायाप्रति।
2. व्यावसायकि एवं अन्य योग्यताओं के परीक्षाओं के अंकसूची की छायाप्रति।
3. अनुभव प्रमाण पत्र (समक्ष अधिकारी द्वारा जारी)
4. मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति
6. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

**प्रमाण पत्र**

मैं घोषण करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त आवेदन पत्र में बिन्दु क्रमांक 01 से 14 तक में दी गई सम्पूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं मैं आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता/योग्यता रखता/रखती हूँ। मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैने यह आवेदन पत्र सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझ कर भरा है।

दिनांक :- ..................................

स्थान :- ..................................

आवेदक का हस्ताक्षर
एवं पूर्ण स्थायी पता